हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–31 : जौनपुर, बुधवार 21 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## वापस होंगी वक्फ में दर्ज सरकारी जमीन : 33 साल पुराना कांग्रेसी आदेश रद्द

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश सरकार ने 33 साल पुराना आदेश रद्द करते हुए वक्फ में दर्ज सरकारी जमीन का परीक्षण करने का आदेश दिया है। अगर कोई सार्वजनिक जमीन वक्फ संपत्ति में दर्ज कर ली गई थी, तो उसे रद्द कर दिया जाएगा और वह राजस्व विभाग में मूल स्वरूप में दर्ज की जाएगी। सरकार के इस आदेश के परिप्रेक्ष्य में अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग के उप सचिव शकील अहमद सिद्दीकी ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर इस तरह के सभी भूखंडों की सूचना एक माह में मांगी है। साथ ही अभिलेखों को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। मालूम हो कि 07 अप्रैल, 1989 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने एक आदेश जारी किया था। इसमें कहा गया था कि यदि सामान्य संपत्ति बंजर, भीटा, ऊसर आदि भूमि का इस्तेमाल वक्फ (मसलन कब्रिस्तान, मस्जिद, ईदगाह) के रूप में किया जा रहा हो तो उसे वक्फ संपत्ति के रूप में ही दर्ज कर दिया जाए। इसके बाद उसका सीमांकन किया जाए। इस




आदेश के तहत प्रदेश में लाखों हेक्टेयर बंजर, भीटा, ऊसर भूमि वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज कर ली गईं। अब प्रदेश सरकार का कहना है कि इन संपत्तियों के स्वरूप अथवा प्रबंधन में किया गया परिवर्तन राजस्व कानूनों के विपरीत है। बीते माह राजस्व परिषद के प्रमुख सचिव सुधीर गर्ग ने शासनादेश जारी कर कांग्रेस शासनकाल में जारी आदेश को समाप्त कर दस्तावेजों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे।

## रक्तदान मानवता का सबसे बड़ा दान – प्रो.निर्मला एस.मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 72 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2022 तक आयोजित सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत आज रक्तदान शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आईएमए, जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में हुआ,जिसका उदघाट्न कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने किया।अपने उद्बोधन में कुलपति ने कहा कि रक्तदान मानवता का सबसे बड़ा दान है।रक्तदान करके हम किसी की जान बचा सकते हैं।उन्होंने समस्त रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए शुभकामनाएं दी।कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि आजादी के समय नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने नारा दिया था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।आज यह नारा होना चाहिए कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें मानवता दूंगा। डिप्टी सीएमओ डॉ एस.के.जायसवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये।डॉ सलिल यादव ने रक्तदान के महत्व के बारे में बताया।डीएसडब्लू प्रो. अजय द्विवेदी ने विश्वविद्यालय की इस पहल का स्वागत किया।समन्वयक डॉ. राकेश कुमार यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा का वर्णन किया। संचालन



प्रो. मानस पाण्डेय ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ आलोक गुप्ता ने दिया। इस रक्तदान शिविर में डॉ आलोक गुप्ता, रामगोपाल, अखिलेश कुमार शुक्ला, गोपाल निषाद, अजय सिंह, कमलनयन साहू ,अर्पित, हर्षित श्रीवास्तव,अश्विनी कुमार मौर्य,अजय सिंह,अनुराग कुमार शर्मा,अनामिका सिंह रघुवंशी, आशीष श्रीवास्तव, सौरभ सिंह राजपूत, गोविंदा भारती ,आलोक कुमार मिश्रा सहित 59 लोगों नें रक्तदान किया।कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में रक्तदान प्रभारी डॉ. विनय कुमार वर्मा,ब्लड बैंक के प्रभारी अशोक कुमार तथा ब्लड बैंक तकनीशियन सौरभ शर्मा, राहुल शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।दिव्यांशु सिंह ने सभी रक्तदाताओं को अमरूद के पौधे प्रदान किये। इस अवसर पर डॉ नृपेंद्र सिंह, डॉ झांसी मिश्रा, डॉ विजय बहादुर मौर्य, डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य,आशुतोष सिंह सहित विभिन्न शिक्षक,कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस सप्ताह के अंतर्गत शिविर का आयोजन कर किया गया रक्तदान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वाधान में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में बुधवार को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस सप्ताह के अंतर्गत "रक्तदान शिविर" का आयोजन किया गया तथा रक्तदान शिविर में उत्साह के साथ "रक्तदान–महादान" की सोच के साथ दूसरों की जिंदगी बचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने रक्तदान किया "रक्तदान शिविर "का शुभारंभ उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं लोहिया ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ वी के शर्मा की उपस्थिति में हुआ तथा इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, लखनऊ उपाध्यक्ष डॉक्टर साकेत चतुर्वेदी, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम मुख्य रूप से मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए आगे बढ़ कर आने संगठन के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों को प्रमाण पत्र देकर एवं उनकी प्रशंसा करके उनका उत्साह वर्धन किया तथा सराहना की इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने



कहा आदर्श व्यापार मंडल सदैव समाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता आया है, दूसरों की जिंदगी बचाने में सहायक होना वास्तव में भाग्य की बात है उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जीवन सभी भारत वासियों के लिए प्रेरणा स्रोत है उन्होंने सभी से रक्तदान करने की अपील की रक्तदान करने वालों में संगठन के ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे ,ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ,व्यापारी अमित सिंह, आरती सिंह, अर्जुन अग्नि, राजकुमार ,संजय सोनी ,सूर्या यादव ,पंकज यादव, मुन्ना यादव, रजनीश वर्मा ,विजय पंडित ,ललित गुप्ता ,सूरज यादव, सुमित गुप्ता, मोहित ,ओम प्रकाश शामिल थे।

## राजू श्रीवास्तव का यूपी में फिल्म सिटी का सपना रह गया अधूरा : नोएडा में बनाना चाहते थे फिल्मों का हब

लखनऊ ब्यूरो : जाने माने हास्य कलाकार और उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष राजू श्रीवास्तव की यूपी को फिल्मों का शूटिंग हब बनाने में अहम भूमिका रही। उनके प्रयासों का ही नतीजा है कि अब यूपी हिंदी व भोजपुरी फिल्म निर्माताओं का पसंदीदा पड़ाव बन गया है। बालीवुड के नामचीन निर्माता निर्देशक सुनहरे पर्दे के सुपरस्टारों के साथ फिल्मों की शूटिंग के लिए यूपी की लोकेशन की तरफ रुख कर रहे हैं। राजू श्रीवास्तव के साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में यूपी में फिल्मों की खूब शूटिंग हुई और यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। यह बात दीगर है कि प्रदेश में फिल्म सिटी और प्रोडेक्शन हाउस बनाने समेत फिल्मकारों के लिए अन्य सहूलियतें मुहैया कराने का उनका सपना पूरा नहीं हो सका। राजू श्रीवास्तव ने 14 मार्च 2019 को यूपी फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष का पदभार संभाला था। बालीवुड को यूपी की ओर आकर्षित करने में उनकी अहम भूमिका रही। प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद नई फिल्म तैयार कराने से लेकर ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित फिल्म सिटी का खाका खींचने तक में उनकी सक्रिय भागीदारी रही। मुंबई में दिग्गज फिल्म निर्माता निर्देशकों से लेकर सुपरस्टार कलाकारों तक को उन्होंने न केवल यूपी में फिल्म की शूटिंग के लिए तैयार किया बल्कि राज्य सरकार की ओर से सहूलियतें मुहैया



कराने में भी पीछे नहीं रहे। यही वजह है कि आज यूपी में तमाम लोकेशन पर फिल्मों की लगातार शूटिंग हो रही है और प्रदेश की पहचान फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने वाले राज्य के रूप में बनी है। मोशन पिक्चर एसोसिएशन समेत बालीवुड से जुड़े तमाम लोग यूपी में फिल्म क्षेत्र में निवेश और फिल्म उद्योग को रफ्तार देने की मंशा से राजू श्रीवास्तव के साथ जुड़े थे। राजू यूपी में फिल्मकारों की सहूलियत के लिए प्रोडक्शन हाउस बनवाने के लिए सक्रिय भी थे लेकिन उनकी यह हसरत उनके जीवित रहते पूरी नहीं हो सकी। उ.प्र. फिल्म बंधु के उप निदेशक दिनेश सहगल के मुताबिक फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद राजू श्रीवास्तव प्रदेश में फिल्म उद्योग स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयत्नशील थे। यूपी फिल्म बंधु और फिल्म विकास परिषद की बैठकों में उठाए जाने वाले मुद्दों को लेकर वह लगातार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और शासन के आला अधिकारियों से चर्चा करके प्रदेश में फिल्म उद्योग को रफ्तार देने की कोशिश करते थे।

## भारत रक्षा दल का 26 वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। संस्था भारत रक्षा दल ( अन्याय अत्याचार व शोषण के विरुद्ध वैचारिक आंदोलन) द्वारा अपना 26वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। सम्पूर्ण भारतवर्ष में अन्याय अत्याचार व शोषण के विरुद्ध वैचारिक क्रांति का अलख जगाने, समाज में कर्त्तव्य व अधिकार के प्रति सभी नागरिको को जागरूक करने के लिए कृतसंकल्प संस्था द्वारा 26 वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि कौशल किशोर शहरी विकास केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार ,अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर संयुक्ता भाटिया, विशिष्ट अतिथि पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ सूर्य कुमार ने अपने – अपने संदेशों में संस्था की सराहना करते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण व सहयोग के लिए संस्था का निरंतर गतिमान रहने का आह्वान किया गया। उक्त अवसर पर संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष घोष व संस्थापक मंडल के महेंद्र मल्होत्रा, अनीश खान व भागवत चौबे विशेष रूप से कार्यकर्ताओ का आह्वान करते हुए ध्वज वाहक की निर्णायक भूमिका का निर्वाहन करने के लिए आहवान किया गया। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष



संदीप सिंह आजाद, प्रदेश महासचिव ओपी आजाद कोषाध्यक्ष पृथ्वीपाल ने युवाओं को अपने सामाजिक जनचेतना के दायित्व के निर्वहन का आहवान किया गया। 26 वां स्थापना दिवस समारोह के कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार राय केंद्रीय प्रमुख महासचिव द्वारा किया गया। मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, जिला अध्यक्ष दिनेश लोधी, आलोक पाल, अरविंद शुक्ला आदि ने अतिथियों का माला पहना कर स्वागत किया। उक्त अवसर पर भारत रक्षा दल के क्रांतिवीर साथी विनय चौबे (प्रभारी पश्चिम विधान सभा ) सत्यम 1, अमन श्रीवास्तव, सन्देश सिंह, शशि दुर्ब, संतोष सिंह, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य शिव बरन सिंह, प्रवीण त्रिपाठी, आदित्य बाजपाई, मनिंदर सिंह बबली, राजेंद्र खन्ना, अजय कौरा, धनञ्जय तिवारी, रामकरण यादव, देवेंद्र शर्मा, नीरज रावत, प्रदीप यादव, राजपाल यादव, मोहित बजाज, अभिषेक श्रीवास्तव, जय प्रकाश आदि क्रांतिवीर साथी विशेष रूप से उपस्तिथ रहे।

## राष्ट्रीय पोलियो अभियान को लेकर सस्ते गल्ले के कोटेदारों संग बैठक संपन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : आज दिनांक 21/9/2022 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सभी कोटे की दुकानदार बंधुओं के साथ एक बैठक किया गया जिसमें निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा किया गया एवं कोटेदार बंधुओं द्वारा सहयोग का आश्वासन दिया गया– राष्ट्रीय पोलियो अभियान में इनकार करने पर परिवार को समझाकर पोलियो ड्रॉप पिलाने में सहयोग किए जाने के लिए कहा गया। नियमित टीकाकरण में जो परिवार बच्चों को टीकाकरण करवाने से इनकार करते हैं उनको कोटेदार बंधुओं द्वारा राशन लेने आने पर टीकाकरण कार्ड साथ में लाने के लिए प्रेरित करेंगे। संचारी रोग नियंत्रण अभियान दिनांक 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2022 तक जारी रहेगा उसके बारे में विस्तृत से पात्र गृहस्थी के पात्रों से चर्चा किया जायेगा। बैठक में शहरी क्षेत्र के समस्त कोटेदार बंधु,रमेश सोनकर सहित जिला नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक, एन यू एच एम , श्री प्रवीण पाठक



, बीएमसी बेबी टीना, एस एम नेट यूनिसेफ डॉ डीके सिंह ,नोडल अधिकारी अर्बन (आर आई) आदि लोग सम्मिलित हुए।

## अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने फायर सर्विस चौकिया धाम जौनपुर का किया अर्द्ध–वार्षिक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक–21.09.2022 को डा0 संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा फायर सर्विस चौकिया धाम, जौनपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कार्यालय, मेस, स्टोर आदि अभिलेखों के रख–रखाव एवं प्रविष्टियों को अद्यावधिक कराये जाने के साथ–साथ फायर हाईडेण्ड, भवन, बैरक एवं साफ–सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। फायर सर्विस चौकिया धाम जौनपुर पर नियुक्त अधिकारीगण/कर्मचारीगण से वार्ता कर उनसे सुझाव व समस्या आदि के सम्बन्ध में जानकारी की गयी। निरीक्षण के दौरान अधिकारी/कर्मचारियों को सुरक्षा हेतु मशीन, वाहन आदि उपकरण के सही ढंग से रख–रखाव आदि कार्य हेतु निर्देशित किया गया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## विद्यार्थियों को दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन में राज्य में नशा मुक्ति अभियान को क्रियान्वित किए जाने के तहत बुधवार को बीएएलएलबी के विद्यार्थियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय



परिसर की नोडल अधिकारी और मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर अन्नू त्यागी ने नशे को सभी बुराइयों की जड़ बताया। कहा कि इससे व्यक्ति हीं नहीं उसका पूरा परिवार प्रभावित होता है। नशा किसी भी प्रकार का हो वह नशा अपने परिवार को अपने पड़ोस को अपने समाज को खत्म करने की ओर ले जाता है, इसलिए हमें समाज में इस जागरूकता अभियान को मजबूती के साथ चलाना है। जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर और विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डा. सुनील कुमार ने कहा कि नशा उस दीमक की तरह है जो हमारी संस्कृति और सामाजिक ताना–बाना को अंदर–अंदर चाल देती है, इसलिए हमारे विद्यार्थियों की जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने परिवार के साथ–साथ पास पड़ोस को भी नशा करने से रोकें और उन्हें नशा ने होने वाले रोग और नुकसान के बारे में बताएं। दतोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान के निदेशक मंगला प्रसाद ने कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन करने से विभिन्न प्रकार की बीमारियां जन्म लेती हैं जिससे समाज में लोगों को शारीरिक और आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने इसके दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को शपक्ष छात्र प्रद्यम त्रिपाठी ने दिलाई। इस अवसर पर शिक्षक राजित सोनकर, डा. प्रमोद कुमार, डा. राहुल राय, डा. अंकित कुमार, डा. दिनेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## समाज को ही परिवार मानते हैं संत अनिरुद्ध शाही

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोण्डा के उतरौला रोड पर स्थित ऋषि मुंजहा बाबा आश्रम में महान संत महात्माओं की पुण्य स्मृति में गुरुपर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर दो से रात दस बजे तक चले भण्डारें में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं सहित पालीटेक्निक के छात्र – छात्राओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए मुंजहा बाबा ट्रस्ट के मुखिया अनिरुद्ध सिंह शाही ने कहा कि संत महात्मा परिवार व जिला–गोण्डा माया मोह से नाता तोड़कर सम्पूर्ण विश्व मानव समाज को अपना परिवार मान लेते हैं। संत मुंजहा बाबा ऐसे ही महान विरागी संत थे। गुरुपर्व में शामिल श्रद्धालुओं के प्रति विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा ने स्वागत व आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विनय मिश्र अखिलेश कुमार उर्फ संत मिश्रा अमित शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## 23 सितम्बर को होगा रोजगार मेला का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम 'मिशन रोजगार' के द्वारा 23 सितम्बर 2022 को प्रातः 10:00 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय, कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 'रोजगार मेला' का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय कम्पैस जौनपुर में किया गया है, जिसमें युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए निजी क्षेत्र की 05 से अधिक कम्पनियॉ प्रतिभाग करेंगी जिनके द्वारा 300 से अधिक पदों पर भर्ती की जायेंगी। अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर चयन करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी पूफ्र सहित प्रतिभाग कर सकते है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

समय ही जीवन है, समय को बर्बाद करना अपनें जीवन को बर्बाद करनें के समान होता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कूटनीति का मैदान बना कोलंबो

गरीब देशों को कर्ज के जाल में फंसाने के लिए चीन की विशाल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की अमेरिका, पश्चिमी देशों और भारत द्वारा तीखी आलोचना की गई है। हंबनटोटा परियोजना इसका ज्वलंत उदाहरण है, जब कर्ज का भुगतान करने में असमर्थ होने पर श्रीलंका द्वारा इसे चीन को 99 साल के लिए पट्टे पर देना पड़ा।

एक प्रसिद्ध कहावत है कि जब दो सांडों की लड़ाई होती है, तो छोटे सांड को कुचल दिया जाता है। चीन और भारत जैसे दो क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों की लड़ाई में श्रीलंका को ऐसी ही पीड़ा से गुजरना पड़ रहा है। पहले चीनी पोत को अपनी यात्रा स्थगित करने के लिए कहने और फिर उसे बंदरगाह पर रुकने की अनुमति देने जैसे श्रीलंका के विरोधाभासी फैसलों को लेकर विवाद जारी है। यह सब तब हुआ है, जब श्रीलंका गंभीर आर्थिक संकट और सत्ता परिवर्तन से जूझ रहा है।

भारतीय उच्चायोग और चीनी दूतावास की तनातनी के बीच कोलंबो कुटनीतिक युद्ध का मैदान बन गया है। दोनों देशों की अवांछित सहानुभूति श्रीलंका के साथ है। दोनों ने श्रीलंका के साथअपने करीबी संबंधों का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह वे उसकी मदद कर रहे हैं। यह विवाद श्रीलंका के संकट या उसकी मदद को लेकर नहीं हुआ, बल्कि ईंधन भरने के लिए पांच दिनों तक श्रीलंकाई बंदरगाह पर चीनी पोत के रुकने को लेकर हो रहा है।

भारत ने श्रीलंकाई बंदरगाह पर चीनी पोत की मौजूदगी पर आपत्ति जताई, क्योंकि उसे उसके इरादों पर संदेह है। चीन ने जोर देकर कहा कि युआन वांग–5 एक शोध और सर्वेक्षण जहाज है, पर भारत का कहना है कि यह मिसाइलों का पता लगाने की क्षमता वाला एक 'जासूसी जहाज' है। यह जहाज अब द्वीपीय राष्ट्र से दूर चला गया है, लेकिन इसने हिंद महासागर में विवादों का एक ऐसा भंवर छोड़ दिया है कि मालदीव और पूर्वी अफ्रीकी तटों पर, सेशेल्स और मॉरीशस जैसे दूर और पास के अन्य छोटे देश इसकी अनदेखी नहीं कर सकते।

भारत ने सबसे पहले हंबनटोटा में चीनी जहाज के रुकने पर आपत्ति जताई थी। स्पष्ट रूप से मना करने में असमर्थ कोलंबो ने कूटनीतिक ढंग से बीजिंग से यात्रा स्थगित करने का आग्रह किया, लेकिन जब चीन ने दबाव बनाया, तो उसने अचानक यू–टर्न लेते हुए उसे यात्रा की अनुमति दे दी। भारत गुस्से में था। चीन ने कहा कि अनुसंधान जहाज की यात्रा को लेकर भारत बहुत ज्यादा विवाद खड़ा कर रहा है और उसने श्रीलंका पर अनावश्यक 'दबाव' बनाया, जबकि श्रीलंका सहानुभूति और समर्थन का हकदार था।

भारत ने चीन के इस आरोप को खारिज कर दिया कि नई दिल्ली ने कोलंबो पर दबाव बनाया और जोर देकर कहा कि श्रीलंका को 'समर्थन की जरूरत है, न कि अवांछित दबाव की।' श्रीलंका स्थित भारतीय उच्चायोग ने कहा कि हमने चीनी राजदूत की टिप्पणी का संज्ञान लिया है। बुनियादी शिष्टाचार का उल्लंघन उनका व्यक्तिगत लक्षण है या यह व्यापक राष्ट्रीय रवैये को दर्शाता है। चीनी जहाज को अनुमति देने के कोलंबो के फैसले पर नई दिल्ली की निराशा के संकेतों के बीच, भारत में श्रीलंका के दूत मिलिंडा मोरागोडा ने भविष्य में इस तरह की समुद्री सुरक्षा चिंताओं से निपटने के लिए एक नया 'ढांचा' बनाने का आग्रह किया है।

सवाल यह है कि इसे कौन तैयार करेगा और कौन इसके मानदंड तय करेगा। भारत को आशंका है कि चीनी 'जासूसी जहाज' इसके विशाल समुद्र तट में भारत के समुद्री प्रतिष्ठानों का पता लगाने में उपयोग करेगा। यह वाजिब चिंता है, जो पिछले दो दशकों में बढ़ी है, क्योंकि चीनी पनडुब्बियां और जहाज हिंद महासागर के द्वीपीय देशों के आसपास लगातार टोह लेते रहते हैं। हंबनटोटा बंदरगाह निवेश उन कई परियोजनाओं में से एक है, जिसने श्रीलंका के कर्ज का बोझ बढ़ा दिया है।

अपने गंभीर आर्थिक संकट से बाहर निकलने के लिए श्रीलंका ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ बेलआउट पैकेज पर प्रारंभिक समझौता किया है। गरीब देशों को कर्ज के जाल में फंसाने के लिए चीन की विशाल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की अमेरिका, पश्चिमी देशों और भारत द्वारा तीखी आलोचना की गई है। हंबनटोटा परियोजना इसका ज्वलंत उदाहरण है, जब कर्ज का भुगतान करने में असमर्थ होने पर श्रीलंका द्वारा इसे चीन को 99 साल के लिए पट्टे पर देना पड़ा।

अपने क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी से जूझते भारत को यह स्वीकार करने की जरूरत है कि विदेशी परियोजनाओं के मामले में कई बार उससे चूक हुई है। म्यांमार में ऐसा ही हुआ। ईरान के चाबहार बंदरगाह का निर्माण बेशक भारत ने ही किया, लेकिन बाद में भारत ने इसमें अपनी दिलचस्पी खो दी, तो अब चीन उसे विकसित कर रहा है। भारत की दिलचस्पी खोने के पीछे कुछ हद तक इसकी अक्षमता थी, लेकिन मुख्य कारण अमेरिका की नाराजगी का भय था, जो ईरान के साथ किसी भी सौदे को शत्रुता की नजर से देखता है।

इस प्रकार भारत अमेरिका और क्वाड के करीब रहने के भू–राजनीतिक उद्देश्य को पूरा करने के लिए आर्थिक कीमत चुका रहा है। ये सभी महत्वपूर्ण परियोजनाएं चीन के पास गई हैं, जिसके पास उन्हें पूरा करने के लिए काफी धन और क्षमता है। श्रीलंका के साथ भारत के नर्म–गर्म रिश्ते नई बात नहीं हैं। हर बार जब श्रीलंका भारत को अपने हितों के अनुकूल नहीं पाता, तो वह चीन का रुख करता है। प्राचीन संबंधों और पौराणिक कथाओं को भूलकर श्रीलंका भारत को अपने परस्पर विरोधी राष्ट्रीय हितों की नजर से देखता है।

भारत ने सिंहली चरमपंथी गुटों से लड़ने में उसकी मदद की, जो धन्यवाद रहित काम था। फिर भारत ने जातीय संघर्ष के दौरान लिट्टे और अन्य तमिल उग्रवादी समूहों की मदद की। बहुसंख्यक सिंहली भारत के शत्रु बन गए, जबकि भारत ने उन तमिल समूहों से लड़ते हुए खून बहाया। यह एक और धन्यवाद रहित काम था। हैरानी की बात नहीं कि हाल के वर्षों में श्रीलंका के कई राष्ट्रपति, विशेष रूप से राजपक्षे (महिंदा और गोतबाया) भारत विरोधी और चीन समर्थक रहे हैं। कुल मिलाकर श्रीलंका भारत और चीन के बीच संतुलन बनाकर चल रहा है।

इस मामले में गंभीरता से ध्यान देने लायक तथ्य यह है कि नई सदी में चीन ने सिर्फ क्षेत्रीय स्तर पर नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी खुद को भारी शक्तिशाली बनाया है। अमेरिका और सहयोगियों के साथ गठबंधन कर भारत खुद को भू–रणनीतिक रूप से मजबूत बना सकता है, लेकिन जब भू–राजनीति और भू–अर्थशास्त्र की बात आती है–तो भारत को इस क्षेत्र के देशों के साथ, वे चाहे बड़े हों या छोटे, रिश्ता रखना होगा। अगर यह एशियाई सदी होने जा रही है, तो भारत को चाहे–अनचाहे चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ेगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# देश आशा भरी निगाह से कांग्रेस की ओर देख रहा है:राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों, उसकी समावेशी विचारधारा एवं कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी तथा राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा देश की जनता एवं संविधान की रक्षा हेतु लगातार सत्ता के विरूद्ध सड़क से सदन तक किये जा रहे संघर्षो से प्रभावित होकर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार, राम बहादुर वर्मा सदस्य जिला पंचायत, सुरेश गंगवार पूर्व विधानसभ अध्यक्ष, मेवाराम प्रधान, तेग बहादुर गंगवार, हरिशंकर मंडल अध्यक्ष, प्रेम शंकर किसान नेता, रियाज अंसारी, डा0 मुख्तार मंसूरी सहित उनके सैकडों समर्थकों ने आज राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम, उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी, संगठन सचिव अनिल यादव जनपद बरेली के जिलाध्यक्ष अशफाक सकलानी के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरा देश आशा भरी निगाह से कांग्रेस की ओर देख रहा है, अन्य दलों से मोह भंग कर लोग कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था दिखा रहे हैं ।आने वाले समय का यह शुभ संकेत है। उन्होंने समाजवादी पार्टी छोड़कर आए पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार एवं उनके सैकड़ों साथियों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर उन्हें बधाई दी और उनके गले में कांग्रेस की पट्टी व माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मीडिया चेयरमैन / पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि सोनियां गांधी के निर्देश पर एवं राहुल गांधी के प्रयास से कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोडो यात्रा से आम जनमानस जुड़ रहा है, महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त जनता का राहुल गांधी के साथ जुड़ाव इस बात का संकेत है कि आने वाला दिन केवल और केवल कांग्रेस का होगा। पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार ने कहा कि हम और हमारे सभी साथियों ने कांग्रेस पार्टी में आस्था रखते हुए आज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज देश को कांग्रेस की जरूरत है, कांग्रेस ने ही देश को आजाद कराया, देश का विकास किया। लोगों को रोजगार एवं पेंशन दी। जिसे भाजपा समाप्त कर रही है और देश को विनाश की ओर ले जा रही है। कांग्रेस ही भाजपा को हरा सकती है। इसलिए आज कांग्रेस को मजबूत करने के लिए मैं अपने सैकड़ों साथियों सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहा हूँ। हम सभी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के निर्देशों का पालन करते हुए राहुल गांधी जी एवं प्रियंका गांधी जी के नेतृत्व में पार्टी को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम, मीडिया चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री प्रदेश उपाध्यक्ष श्री दीपक कुमार, संगठन सचिव अनिल यादव, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रवक्ता संजय सिंह, पंकज तिवारी, कृष्णकांत पाण्डेय आदि प्रमुख रहे।




# बंधक बनाए गए बाप की आखिर टूट गईं सांसें!

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) कहीं सुना है कि कोई बेटे ने अपने बुजुर्ग बाप को बंधक बना कर रखा है। लेकिन सच है कि छोटे बेटे ने सारी दौलत को अकेले डकारने की नियत से अपने बुजुर्ग बाप को साल भर से बंधक बना कर रखा था। उसका बड़ा बेटा अपने बाप से इस तरह बिछड़ने का दर्द लिए हुए इधर–उधर भटकता रहा। लेकिन किसी ने उसकी एक नहीं सुनी। इसी बीच बंधक बनाए गए बुजुर्ग ने हमेशा–हमेशा के लिए अपनी आंखें बन्द कर ली। बड़े भाई ने छोटे भाई के ऊपर आरोप लगाया है कि उसने बुजुर्ग बाप को जहर दे कर मार डाला। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है। बताते हैं कि लोनार थाने के तेरिया गांव निवासी 80 वर्षीय रामदयाल पुत्र दिल्ला के दो बेटे थे। बड़ा बेटा सोनपाल और छोटा बेटा राम आसरे।राम आसरे आदत से काफी चालाक है। करीब साल भर पहले उसने अपने बुजुर्ग बाप को बंधक बना लिया था। सोनपाल ने बाप से मिलने की तमाम कोशिशें की, लेकिन राम आसरे की चालाकी के आगे सारी कोशिशें नाकाम रही। बकौल सोनपाल,राम आसरे ने बंधक बना कर रखे बुजुर्ग बाप से सारी दौलत की वसीयत अपने और अपने बेटों के नाम करा ली। सोनपाल को धेला तक नसीब नहीं हुआ। लेकिन वह अपने बुजुर्ग बाप की एक झलक देखना चाहता था। वह अपना दर्द लिए हुए इधर–उधर भटकता रहा। लेकिन किसी ने उसकी एक भी नहीं सुनी। उसने न जाने कितनी चिट्ठियां भेजी। फिर भी कहीं से उसे कोई जवाब नहीं मिल सका। इसी तरह दिन और महीने बीतते गए और फिर इसी बीच सोमवार को बंधक बनाए गए बुजुर्ग रामदयाल ने उसी हालत में दम तोड़ दिया। सोनपाल का आरोप है कि उसके छोटे भाई राम आसरे ने बाप को जहर दे कर मार डाला। इस बारे में एसएचओ लोनार विनोद कुमार यादव का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

# हिमांचल की पहाड़ियों पर तिरंगा फहरा आजाद ने रचा इतिहास: दुनिया के सबसे ऊंचे पोस्ट ऑफिस आखिरी गांव तक पहुंचे

वाराणसी ब्यूरो : आजाद द रे ऑफ होप संस्था के युवा सदस्यों ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव के तहत लगातार दूसरे साल तिरंगा बाइक रैली से नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 2021 में लेह–लद्दाख में 40 से ज्यादा सदस्यों ने पांच दिन में 1400 किमी की तिरंगा यात्रा निकाली थी। इस बार भी 20 बाइक पर सवार 40 सदस्यों ने हिमाचल के दूरगामी इलाकों तक तिरंगा बाइक रैली से कुल 1200 किमी की दूरी तय कर नया कीर्तिमान बनाया है। हिमाचल में निकाली गई इस तिरंगा बाइक रैली के दौरान आजाद के सदस्य हिक्किम में मौजूद दुनिया के सबसे ऊंचे पोस्ट ऑफिस, देश में सबसे ऊंचाई पर स्थित कोमिक गांव, चेचम में दुनिया के सबसे ऊंचे रोप–वे पुल, देश के सीमावर्ती आखिरी गांव चिटकुल, दुनिया में सर्वाधिक ऊंचाई पर 10 किमी सबसे लम्बे सुरंग अटल टनल सहित हिमाचल के सुदूरवर्ती चंद्रताल तक पहुंच कर तिरंगा फहराया। इस यात्रा में वाराणसी के एक दर्जन से ज्यादा युवाओं के साथ उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, असम, हरियाणा आदि राज्यों के भी आजाद सदस्य शामिल थे। आजाद तिरंगा बाइक रैली के नेतृत्वकर्ता अनुज पाण्डेय, यूपी प्रमुख अखिल आनंद ने बताया कि तिरंगा यात्रा की शुरूआत 2 सितंबर को दिल्ली से हुई। जिसमें मनाली से बाइक पर सवार होकर इन सभी जगहों तक हम पहुंचे। सबसे ज्यादा खुशी हमें कूल्लू स्थित आईटीबीपी इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस के बटालियन कैम्प पहुंचने पर हुई जहां 250 जवानों आजाद सदस्यों को गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। इसके अलावा आईटीबीपी के सीमावर्ती आखिरी पोस्ट मस्तरंग में भी आजाद सदस्यों को आने का आमंत्रण मिला। इस पोस्ट पर तैयार जवानों ने अपनी रसद से आजाद टीम के 35 सदस्यों के लिए अपने हाथों से दोपहर का भोजन पकाया था, जिसका स्वाद हम कभी नहीं भूल सकते। इस पोस्ट पर सीओ राम चरण और सेकेंड आईसी ज्योति सिंह ने जिस आत्मीयता से आजाद सदस्यों का स्वागत किया, वह हर किसी के लिए अकल्पनीय था। कूल्लू स्थित आईटीबीपी कैम्प तथा मस्तरंग पोस्ट पर आजाद सदस्यों के स्वागत के समाचार को आईटीबीपी के अधिकारियों ने अपने ऑफिशियल टिवटर हैंडल पर पोस्ट भी किया है। ये आजाद सदस्यों के लिए बड़े ही सम्मान की बात थी। तिरंगा यात्रा में टीम के सदस्यों ने कुल्लू, जिब्भी, कल्पा, मस्तरंग, 11480 फीट पर स्थित देश के आखिरी गांव चिटकुल, किन्नौर, चंद्रताल आदि जगहों तक पहुंचे। चिटकुल गांव के प्रधान मोहन नेगी तथा उप प्रधान रमेश कुमार ने सभी का स्वागत किया और अपनी आराध्य देवी माता चिटकुल के मंदिर में सभी को दर्शन भी कराया। यात्रा में सबसे दुश्कर परिस्थितियों का सामना चंद्रताल पहुंचने में करना पड़ा। पहाड़ के पथरीले रास्तों से होते हुए सदस्य बेहद कठिनाइयों का सामना करते हुए चंद्रताल पहुंचे। यहां आक्सीजन की कमी से अधिकांश सदस्यों की तबीयत भी खराब हुई। हालांकि वहां प्राकृतिक सौंदर्य ने सभी में नई ऊर्जा का संचार किया। इस यात्रा में महाराष्ट्र टीम का नेतृत्व सचिन पवार ने, असम टीम का समीरन बोरा ने, हरियाणा के धीरज पोपली ने, उत्तर प्रदेश टीम का नेतृत्व आशुतोष एवं अनुज वर्मा ने किया। पूरी यात्रा के दौरान सदस्यों ने मनाली, कुल्लू, रामपुर, शिमला, किन्नौर, लाहौल, स्पीति आदि जिलों को कवर किया। बता दें कि गत वर्ष की आजाद की लेह–लद्दाख तिरंगा यात्रा को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान मिल चुका है। इस बार की यात्रा को गिनीज बुक ऑफ वल्डर रिकॉर्ड तथा लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान देने के लिए पेश किया जा रहा है। यात्रा में वाराणसी के एक दर्जन से ज्यादा युवा शामिल थे।



# जिलाधिकारी ने शस्त्र अनुभाग का किया आकस्मिक निरीक्षण

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहांपुर ऋ जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित शस्त्र अनुभाग का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। तथा शस्त्र लाइसेंस सम्बन्धी विभिन्न कार्यो से आए लोगों से वार्ता कर उनके कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने पटल सहायक को स्पष्ट निर्देश दिए कि शस्त्र लाइसेंस संबंधित कार्यों के लिए आने वाले व्यक्तियों को प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा उनके कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराया जाए। यूआईएन के लिए पोर्टल अभी खुला ना होने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यूआईएन हेतु पंजीकरण कराने के लिये आने वाले लोगों का नाम , पता व मोबाइल नंबर आदि विवरण रजिस्टर में दर्ज करने के बाद यूआईएन पंजीकरण पोर्टल खुलने पर उन्हें सूचित किया जाए। जिलाधिकारी ने प्राप्त आवेदनों का निस्तारण क्रमवार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पटल के सभी रिकॉर्ड अद्यतन किए जाने तथा अलमारियों पर उनमें रखे रिकॉर्ड की सूची चस्पा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने रिकॉर्ड एवं लेजरों का भी निरीक्षण किया।



# गरीबों को योजनाओं से लाभान्वित तथा पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना प्राथमिकता –डी0एम0

हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) : कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत प्रेसवार्ता की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने पत्रकार बन्धुओं से परिचय प्राप्त करने के उपरान्त कहा कि उनकी प्राथमिकता जनपद के विकास एवं निर्माण कार्यो को गति देना तथा नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के सबसे निचले पायदान पर जीवन–यापन करने वाले गरीब पात्र व्यक्तियों को भारत एवं प्रदेश सरकार की लाभप्रद योजनाओं से लाभान्वित कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना तथा पीड़ित व्यक्यिों को त्वरित न्याय दिलाना है। जिलाधिकारी ने पत्रकार बन्धुओं से कहा जनपद की समस्त समस्याओं का निस्तारण जनपद स्तरीय अधिकारियों के समन्वय से त्वरित निस्तारित कराये जायेगें। प्रेसवार्ता में अपर जिलाधिकारी वन्दना त्रिवेदी, नगर मजिस्ट्रेट डा0 सदानन्द गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित भारी संख्या में पत्रकार बन्धुओं ने भाग लिया।



# पत्रावलियों का रख–रखाव नम्बर के साथ व्यवस्थित ढ़ग से करें– जिलाधिकारी

हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) : नवागत जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज प्रातः कलेक्ट्रेट कार्यालय से संबंधित समस्त पटलों, शस्त्रागार, अंग्रेजी कार्यालय, राजस्व अभिलेखागार, निर्वाचन कार्यालय, एनआईसी, नगरीय निकाय निर्वाचन कार्यालय आदि का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अंग्रेजी कार्यालय व अन्य स्थानों की टूटी फर्श, सीढ़ी तथा बिखरे बिजली के तारों के संबंध में कलेक्ट्रेट नाजिर को निर्देश दिये कि सभी कार्यालयों की टूटी फर्श, सीढ़ियों की मरम्मत करानें के साथ विद्युत तारों का व्यवस्थित ढ़ग से सही करायें। राजस्व अभिलेखागार के निरीक्षण में नकल संबंधी पत्रावलियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पटल सहायक को निर्देश दिये कि राजस्व अभिलेख की नकल आवेदनकर्ता को एक सप्ताह में उपलब्ध करायें और समस्त कार्य कम्प्यूटर पर ही अपलोड करायें और पत्रावलियों का रख–रखाव नम्बर के साथ व्यवस्थित ढ़ग से करें। उन्होने समस्त पटल सहायकों को निर्देश दिये कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप पटल पर आने वाली शिकायती एवं प्रशासन से संबंधित समस्त पत्रावलियों का निस्तारण निष्पक्ष रूप से निर्धारित समय पर कार्यवाही करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारी को प्रेषित करें और कार्यालयों में साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दें। कलेक्ट्रेट निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी वन्दना त्रिवेदी, नगर मजिस्ट्रेट डा0 सदानन्द गुप्ता, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे। निरीक्षण के उपरान्त जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रे सभागार में जनता मिलन में आये फरियादियों की शिकायतों को सुना तथा भरोसा दिया कि गरीब पीड़ित लोगों को निष्पक्ष न्याय दिलाया जायेगा।




# कस्तूरबा की छात्राओं के बीमार होने का मामला : जिम्मेदारी से बचते हुए खींचा जा रहा है एक–दूसरे का कालर!

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पिहानी में 38 छात्राओं के बीमार पड़ जाने के मामले में विद्यालय प्रशासन और स्वास्थ्य महकमां एक–दूसरा का कालर खींच रहा है। जिस तरह वार्डेन ने तोहमत मढ़ी कि कैल्शियम और एल्बेंडाजोल दवा खाने से छात्राए बीमार हुईं। वहीं इस तर्क पर पलटवार करते हुए सीएमओ ने पूरे दावे के साथ कहा कि आमने–सामने बैठ कर एक गोली के बदले दो–दो गोलियां खाएंगे। फिर पता लगेगा कि कैल्शियम और एल्बेंडाजोल दवा के खाने से कौन बीमार पड़ता है। जैसा कि वार्डेन ने छोला–पूड़ी और चावल खाने की बात बताई, लेकिन यह नहीं बताया कि छात्राओं ने बासी खोए से बने रसगुल्ले भी खाए थे। बताते चलें कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पिहानी 38 छात्राए गत रविवार को अचानक बीमार पड़ गई। सभी को उल्टियां होने लगी और चक्कर आने लगा। आनन–फानन में वार्डेन गरिमा सभी छात्राओं को सीएचसी ले कर पहुंची। जहां से आठ छात्राओं नीलम, शिवानी, रुचि, साधना, शालिनी, सरिता,सुधा और डोली को हरदोई मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया। इस बारे में वार्डेन गरिमा का कहना था कि छात्राए स्वास्थ्य मेले में शामिल हुई थीं। वहीं उन्होंने कैल्शियम और एल्बेंडाजोल दवा ली थी। उसी दवा के खाने से उल्टियां हुईं और चक्कर आने लगे। लेकिन वहीं सीएमओ डा. आरके तिवारी ने इस तर्क को बेबुनियाद बताया और चौलेंज के साथ कहा वार्डेन कहें तो दोनों आमने–सामने बैठ कर कैल्शियम और एल्बेंडाजोल दवा लेंगे, तभी हकीकत का पता लगेगा। लेकिन लोगों के गले में एक बात बहुत तेजी से चुभ रही है कि वार्डेन के मुताबिक छात्राओं ने खाने में छोला–पूड़ी और चावल लिए थे, लेकिन रसगुल्ले खाने की बात क्यों छिपाई गई ? जबकि इस बात की सुगबुगाहट है कि जो रसगुल्ले तैयार किए गए थे, उसमें बासी खोए का इस्तेमाल किया गया था। मतलब साफ है कि खोया खराब हो गया होगा,उसी के खाने से छात्राओं की तबियत बिगड़ी। जहां एक तरफ विद्यालय प्रशासन स्वास्थ्य महकमें के सिर ठीकरा फोड़ रहा है, वहीं महकमें के मुखिया दवा के खाने से तबियत बिगड़ने वाले तर्क को मानने से साफ इंकार कर रहें हैं। क्या फिर डाक्टर भी बोल रहे झूठ ? तबियत बिगड़ने पर सीएचसी पहुंचाई गई छात्राओं का इलाज करने वाले फूड प्वाइजनिंग होने की बात कह रहें हैं। डा.जुबैर का पूरे दावे के साथ कहना है कि छात्राएं जिस हालत में इलाज के लिए सीएचसी भेजी गई थी, उससे साफ जाहिर हो रहा था कि फूड प्वाइजनिंग होने से उनकी तबीयत बिगड़ी। लेकिन फिर भी विद्यालय प्रशासन अभी भी अपनी बात पर अड़ा हुआ है। जिससे लगता है कि छात्राओं का इलाज करने वाले डाक्टर झूठे हैं ! खाने का नमूना, जरूरी है होना कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पिहानी में 38 छात्राओं के बीमार होने की खबर से हड़कंप मच गया। सोमवार को वहां जांच करने पहुंचे खाद्य सुरक्षा अधिकारी एके पाण्डेय ने पहले तो वहां के रसोईघर के रखरखाव को देखा,स्टोर की पड़ताल की और साथ ही साथ पानी को भी परखा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री पाण्डेय ने जोर देते हुए कहा कि हर दिन के खाने का नमूना सुरक्षित रखा जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर उनकी जांच की जा सके।

# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल का प्रान्तीय कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के काशी प्रान्त की कार्यकर्ता बैठक नगर के टीडी इण्टर कालेज में हुई जिसकी अध्यक्षता डा. वीरेन्द्र प्रताप सिंह कार्यकारी विभागाध्यक्ष एवं संचालन तरून शुक्ला प्रान्तीय महामंत्री काशी प्रान्त ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनंजय सिंह क्षेत्रीय महामंत्री अहिप एवं विशिष्ट अतिथि संजय दुबे प्रान्तीय सह संगठन मंत्री, संतोष दुबे उपाध्यक्ष काशी प्रान्त, अर्जुन मौर्या प्रान्तीय महामंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल, नन्द लाल जी प्रान्तीय महामंत्री हिन्दू हेल्पलाइन, आशीष आनन्द जी महाराज प्रान्तीय उपाध्यक्ष धर्म प्रसार, प्रभाकर तिवारी प्रान्तीय उपाध्यक्ष हिन्दू एडवोकेट फोरम रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज की बुराइयों को दूर करते हुये हिन्दू समाज की एकजुटता पर ध्यान देते हुये हमारा संगठन क्रमशः आगे की तरफ अग्रसर है। पूरे भारतवर्ष में राष्ट्रीय छात्र परिषद की सदस्यता अभियान का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में हमें काशी प्रान्त के सभी जनपदों में छात्रों का मजबूत संगठन का निर्माण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले नवरात्र पर हर घर–हर हिन्दू परिवार में मां भगवती का पूजन किया जाता है जिसमें अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद,राष्ट्रीय बजरंग दल, राष्ट्रीय ओजस्वनी परिषद द्वारा पण्डालों में कन्या पूजन एवं चण्डी पाठ कराया जाय। विजयदशमी पर सभी कार्यकर्ता अपने घरों से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर लगे दुर्गा पण्डाल सहित मंदिरों में शस्त्र पूजन का आयोजन करें, क्योंकि शास्त्र यदि हमें ज्ञान एवं संस्कार देता है तो शस्त्र हमें ऊर्जा प्रदान करता है जिससे शास्त्र की सुरक्षा होती है। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि अर्जुन मौर्य ने कहा कि जिस प्रकार हनुमान जी ने माता सीता का पता लगाया, लंका का दहन किया, अहिरावण से अपने प्रभु और भाई लक्ष्मण को सुरक्षित बचाया, उसी प्रकार राष्ट्रीय बजरंग दल के नौजवान एकजुट होकर जिहादियों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिये तैयार रहें। नाना प्रकार के फैलाये जा रहे जिहाद के जाल में हमारा हिन्दू समाज न फंसने पाये, इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसी क्रम में विशिट अतिथि संजय दुबे ने कहा कि



एकजुटता और अखण्डता का निर्माण पहले स्वयं में करें। स्वयं को मजबूत करें, फिर गर्व से कहें कि हम हिन्दू हैं। हिन्दू आगे रहा है और आगे भी आगे रहेगा। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि नन्द लाल ने काशी प्रांत के लगभग सभी जनपदों से आये कार्यकर्ताओं को हिन्दू हेल्पलाइन के बारे में बताया कि भारतवर्ष के किसी प्रान्त के किसी जिले में यह मेरा अपना हिन्दू किसी भी प्रकार से यदि परेशान होता है, वहां उसे सहयोग की आवश्यकता है, इसके लिये डा. प्रवीण भाई तोगड़िया के मार्गदर्शन पर हिन्दू हेल्पलाइन का नम्बर बनाया गया है। उन्होंने मुख्यालय का नम्बर दिया जिस पर सूचना देने के पश्चात हमारे हिन्दू भाइयों को सहयोग प्राप्त हो सकेगा। इस अवसर पर चन्द्र प्रकाश तिवारी विभाग महामंत्री, राजकुमार पटवा विभाग महामंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल, रमेश मिश्रा विभाग उपाध्यक्ष, महेन्द्र यादव जिलाध्यक्ष मछलीशहर, चन्दन तिवारी जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, अरविन्द योगी विभाग मंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल, पवन राय जिला महामंत्री अहिप नरेन्द्र सिंह जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय मजदूर परिषद, विभाग उपाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, प्रीति तिवारी विभागाध्यक्ष ओजस्वनी परिषद सहित काशी महानगर, मिर्जापुर, भदोही, गाजीपुर, सुल्तानपुर सहित अगल–बगल के कई लोगों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अन्त में अजय पाण्डेय जिलाध्यक्ष अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इन कार्यकर्ताओं को दी गयी नयी जिम्मेदारी इस दौरान प्रान्त, विभाग, जिला व नगर की घोषणा हुई जिसके अनुसार आशीष आनन्द उपाध्यक्ष काशी प्रान्त अहिप, रघुवंश यादव विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय पूर्व सैनिक परिषद जौनपुर, मदन गोपाल चौहान जिला मंत्री राष्ट्रीय मजदूर परिषद जौनपुर, अश्वनी यादव ब्लाक अध्यक्ष मछलीशहर राष्ट्रीय बजरंग दल, मोहित सोनी जिला महामंत्री राबद मछलीशहर, सत्यम अग्रहरि नगर मंत्री मछलीशहर राबद, सूरज मोदनवाल नगर मंत्री राबद, मनीष भोजवाल नगर उपाध्यक्ष मछलीशहर, रोहित सोनी नगर महामंत्री / केन्द्र प्रमुख मछलीशहर राबद, राजनाथ विभागाध्यक्ष किसान परिषद, डा. सुभाष चन्द्र तिवारी जिलाध्यक्ष मछलीशहर हिन्दू हेल्पलाइन, स्वतंत्र सिंह नगर उपाध्यक्ष जौनपुर राष्ट्रीय छात्र परिषद, डा. अरूण तिवारी विभाग उपाध्यक्ष इण्डिया हेल्पलाइन, मनसिज पाण्डेय नगर महामंत्री राष्ट्रीय छात्र परिषद, अवनीश तिवारी नगर मंत्री राष्ट्रीय छात्र परिषद, आलोक तिवारी नगर उपाध्यक्ष राष्ट्रीय छात्र परिषद, सुधांशु कुमार नगर उपाध्यक्ष जौनपुर राष्ट्रीय बजरंग दल हैं।

# कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में जिलाधिकारी के द्वारा किसानों की समस्या को सुनते हुए संबंधित अधिकारी को 01 सप्ताह के भीतर निस्तारण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। किसानों के द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष नहरों के माध्यम से खेत तक पानी न पहुंचने की समस्या से अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंत सिंचाई को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर देखें और ऐसे लोगों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराएं जिनकी वजह से पानी खेत तक नहीं पहुंच रहा है। किसानों ने जिलाधिकारी को खाद की समस्या से अवगत कराया जिस पर एआर कोआपरेटिव को निर्देशित किया कि पर्याप्त मात्रा में किसानों को खाद समय से उपलब्ध कराई जाए। किसानों ने लो वोल्टेज की समस्या से अवगत कराया जिस पर अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि तत्काल समस्या का निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील किया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के भूलेख सत्यापन का कार्य सभी तहसीलों में चल रहा है, अभी तक 70 प्रतिशत किसानों के द्वारा भूलेख का सत्यापन कर लिया गया है लेकिन अभी भी 30 प्रतिशत किसान अपने भूलेख का सत्यापन संबंधित लेखपाल से नहीं कराएं है। उन्होंने बताया कि यदि 30 सितंबर 2022 तक सत्यापन नहीं कराते हैं तो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 12वीं किस्त नहीं जा पाएगी। जनपद में इस योजना के अंतर्गत कुल 753158 लाभार्थी हैं, जिसमें से अभी तक 560000 ही लाभार्थियों का सत्यापन होकर पोर्टल पर अपलोड हुआ है। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि किसानों को बीज की सब्सिडी उपलब्ध कराई जाए और सरकार के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ दिलाया जाए, कहीं से कोई शिकायत न आने पाए। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक जयप्रकाश, जिला कृषि अधिकारी के0के0 सिंह, अपर जिला कृषि अधिकारी डॉ0 रमेश चंद्र यादव, अग्रणी बैंक प्रबंधक उमाशंकर, जिला उद्यान अधिकारी ममता यादव, अधिशासी अभियंता विद्युत ए0के0 सिंह सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं किसान नेता राजनाथ यादव, राजबली यादव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# सीएम योगी से मुलाकात के बाद ओमप्रकाश राजभर ने की तारीफ : कहा–पिछड़े समाज के लिए कर रहे हैं काम

लखनऊ ब्यूरो : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ कर कहा कि वो पिछड़े समाज के लिए काम कर रहे हैं। राजभर ने मंगलवार की रात मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सपा ने पिछड़े समाज का ध्यान नहीं रखा है जबकि मुख्यमंत्री योगी सही काम कर रहे हैं। उन्होंने राजभर व भर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की अपील की है। राजभर ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को निशाने पर लिया और कहा कि अखिलेश ने पिछड़े समाज के लिए कुछ नहीं किया। बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुभासपा अध्यक्ष राजभर ने कहा कि उन्होंने कल मुख्यमंत्री योगी से मिलकर 'राजभर जाति को एसटी का दर्जा दिलाने की बात कही थी और मेरे अनुरोध पर मुख्यमंत्री योगी सहमत हैं।' उन्होंने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की तारीफ करते हुए कहा की दोनों पिछड़ों के लिए काम कर रहे हैं। उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए सीएम ने समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया है कि राजभर जाति के मुद्दों का हल करें। उन्होंने बताया कि सीएम से माफिया की आड़ में गरीबों के मकान न गिराए जाने का भी अनुरोध किया है। राजभर की पार्टी सुभासपा ने सपा के साथ मिलकर यूपी का विधानसभा चुनाव लड़ा था। सपा को हार मिलने के बाद वह उनसे अलग हो गए और अखिलेश यादव पर तल्ख टिप्पणियां की थी। राजभर ने कहा था कि अखिलेश यादव एसी कमरों के बाहर नहीं निकलते हैं जबकि राजनीति ऐसे नहीं हो सकती है। जिस पर अखिलेश यादव ने भी कहा था कि जिसे जाना हो वो जा सकता है। राजभर ने राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान किया था जबकि सपा ने



संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का समर्थन किया था। यहीं से सपा व सुभासपा के रास्ते अलग हो गए और राजभर अखिलेश पर तल्ख टिप्पणियां करने लगे। अब वह खुलकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ कर रहे हैं। राजभर की अपील, जहां कहीं भी हो, संपर्पण कर दें अब्बास ओम प्रकाश राजभर ने अपनी पार्टी के विधायक अब्बास अंसारी से अपील की है कि वो जहां कहीं भी हों समर्पण कर दें। मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के एक दिन बाद सुभासपा अध्यक्ष की इस अपील को सियासी तौर पर अहम माना जा रहा है। हालांकि राजभर ने कहा कि इस मामले में उनकी सीएम योगी से कोई बात नही हुई है। 26 सितंबर से सावधान यात्रा निकाली जाएगी राजभर ने कहा कि हम 26 सितंबर से सावधान यात्रा निकालेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने मुझसे विस्तार से बात की कहा कि राजभर समाज को एसटी का दर्जा दिया जाएगा। हम समाज की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने सिर्फ सपना दिखाया है। जब वह सत्ता में थे तो इसका प्रस्ताव क्यों नहीं भेजा। सावधान यात्रा में मैं खुद जिलों में जाऊंगा और लोगों को जागरुक करूंगा।

## बीआरपी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य सहित छात्र–छात्राओं के साथ प्रदर्शनी का किया अवलोकन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के पांचवे दिन सूचना विभाग के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का प्राचार्य बीआरपी इंटर कालेज एवं मोहम्मद हसन इ0 कालेज के छात्र छात्राओं के द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राएं भी भारी संख्या में उपस्थित रही। जिला पंचायत राज अधिकारी सन्तोष कुमार ने बच्चो को प्रदशर्नी का अवलोक कराते हुए मनोबल बढ़ाया और कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेते हुए परिश्रम कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर समाज के विकास में योगदान दे और एक संबृद्ध भारत बनाने में योगदान दे। जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय द्वारा प्रदशर्नी से सम्बंधित छात्र, छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर देते हुए विस्तार से प्रदशर्नी के बारे में सभी को बताया गया और कहा की आप सभी युवा भारत के भविष्य के कर्णधार है अतः हमेशा चुनौतियो को स्वीकार कर समाज में बदलाव लाने का प्रयास करे। प्रधानाचार्य बी0आर0पी0 इ0 कालेज के डा0 सुबास सिंह ने विकास भवन में लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी का एक–एक कर अवलोकन करते हुए छात्राओं को मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच, व्यक्तित्व में सरलता एवं सहजता के कारण भारत को दुनिया में मिल रहे सम्मान के बारे में बताया। उन्होंने कहा की भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर महत्वूर्ण स्थान दिलाने में मा0 प्रधानमंत्री जी का योगदान है। उन्होंने बच्चो को महापुरूषों के जीवन शैली से सीख लेने एवं अपने अन्दर देश प्रेम और देश भक्ति की भावना तथा शहीदों का सम्मान करने हेतु प्रेरित किया। छात्राओं ने चित्र प्रदर्शनी में लिखित तथ्यों को रूचि लेकर पढ़ा और प्राचार्य एवं अपने अध्यापक प्रकाश चन्द्र से जिज्ञांसाओं के बारे में प्रश्न भी पूछा। प्रदर्शनी में लगाये गये एक–एक चित्र एवं लिखे गये तथ्यों का भाव बच्चों को समझाया। इस अवसर पर सूचना विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश संदेश शीर्षाकिंत पत्रिका का उपस्थित छात्राओं एवं अन्य लोगों में वितरण किया गया।

# हुनरमंद को विश्वविद्यालय आगे बढ़ाएं: सांसद सीमा द्विवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र में सिलाई मशीन आपरेटर प्रशिक्षण का उद्घाटन मंगलवार को राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा द्विवेदी ने कहा कि कौशल हर व्यक्ति में होता है आज इसे पहचान कर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना कौशल विकास का उद्देश्य है। विश्वविद्यालय ऐसे लोगों की पहचान कर उनके हुनर का सम्मान कर उन्हें आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि परिवार के भरण पोषण का माध्यम बने कौशल विकास। ये ब्लॉक स्तर पर शुरू करके कार्यक्रम को सफल बनाएं ताकि लोकल फार वोकल के बढ़ावा मिले। बतौर अध्यक्ष कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि कौशल विकास में विश्वविद्यालय हर संभव मदद करेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय काम पर विश्वास रखता है हमारे में अगर चाह है तो हम हर काम को अंजाम दे सकते हैं। विशिष्ट अतिथि पीएमजी कामर्स एज लिमिटेड भदोही के प्रबंध निदेशक डॉ. प्रतीक सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के कौशल विकास के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों में रोजगार का विकास किया जा रहा है। सबको आत्मनिर्भर बनाने और अपना उद्योग शुरू करने के लिए कई योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया



और कहा कि पीएमजी ग्रुप इसमें प्रशिक्षणार्थियों का सहयोग करेगी। कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि कौशल है तो कदर है। सबको हुनर सबको काम सरकार की योजना का लाभ उनको मिल सके। उन्होंने कहा कि शार्टकम ट्रेनिंग के माध्यम से रोजगार के अवसर का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कौशल विकास को इसीलिए महत्व दिया गया घ्है। कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. राजकुमार ने प्रगति आख्या प्रस्तुत की। साथ ही कौशल विकास की गतिविधियों और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेगा। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने स्वागत भाषण, संचालन डॉक्टर जाह्नवी श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. गिरधर मिश्र, डॉ सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, संतोष उपाध्याय, सहायक कुलसचिव श्रीमती बबिता सिंह, दीपक सिंह आदि शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# शारदीय नवरात्र में जिला प्रशासन का सहयोगात्मक रवैया न मिलने से दुर्गा पूजा महासमिति आक्रोशित –अनिल अस्थाना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री दुर्गापूजा महासमिति, जौनपुर के कैम्प कार्यालय नवदुर्गा शिव मन्दिर प्रतिमा विसर्जन घाट नखास, जौनपुर पर पत्रकरो से बात करते हुए श्री दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष अनिल अष्ठाना ने आगामी शारदीय नवरात्रि दुर्गापूजन मे जनपद की ज्वलंत समस्याओं को बताते हुए नगर में टूटी सड़कों व सड़कों पर क्षत–विक्षत हाईटेन्सन तार की डी.पी., नाली, व रोडकास आप्टिकल फाइवर केबिल व जर्जर विद्युत तार तथा रोड के बीचोबीच लगे बैनर को हटवाने के सम्बन्ध में 05 सितम्बर 2022 को जिलाधिकारीक मनीष कुमार वर्मा को एक पत्रक इस सम्बन्ध में सौंपा गया था। साथ ही जिलाधिकारी ने आशसन दिया था कि जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व श्री रजनीश राय व नगरीय क्षेत्र हेतु नोडल अधिकारी के रूप में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी श्री संतोष मिश्रा को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कार्वाही हेतु आदेशित किया था। किन्तु 20 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका है। जिला प्रशासन के हवा–हवाई आश्वासन से महासमिति ही नहीं पूरा जनपद




आक्रोशित है। श्री अष्ठाना ने चेताया कि मार्च माह से बेलगान अमृत पेयजल परियोजना के अधिकारी जनभावना के साथ–साथ धार्मिक भावना से खिलवाड़ कर रहें हैं, जो कि बरदाश्त योग्य नहीं है। आने वाले समय में जनपद के साथ–साथ श्री दुर्गापूजा महासमिति जौनपुर के साथ तमाम सामाजिक व धार्मिक संगठन सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। इस कार्य में आप सभी मीडिया भाईयों का सहयोग अपेक्षित है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डा० विजय रघुवंशी, राम प्रकाश यादव, महेश जासवाल, आनन्द अग्रहरि, गणेश साहू, रामनरतन विश्वकर्मा, मनीष गुप्ता, रत्नेश सिंह, राजन अग्रहरि, विजय गुप्ता, शैलेन्द्र मिश्र, संतोष मौर्य निशाकान्त द्विवेदी, अमित कुमार गुप्त, सुमित उपाध्याय, संजय मोदनवाल, मयंक मिश्रा, रोशी सोनकर, विष्णु गुप्ता, आलोक कुमार वैश्य संजय विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा बी.एल.ओ के साथ बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने के कार्य में सबसे खराब प्रदर्शन वाले बी.एल.ओ के साथ बैठक की गई। उन्होंने बी.एल.ओ को निर्देश दिया कि कार्य मे तेजी लाए। जिलाधिकारी ने एक–एक कर सभी बीएलओ की समीक्षा की और निर्देश दिया कि अधिक से अधिक आधार जोड़ने का कार्य किया जाए। निर्देश के बावजूद भी बीएलओ को सूचना न देने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए शाहगंज के आर. के. राजेश श्रीवास्तव एवं अनुपस्थित बीएलओ को स्पस्टीकरण देने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश ने सभी बीएलओ को विस्तार से जानकारी दी और सभी बीएलओ से अभियान को सफल बनाने की अपील की, साथ ही चेतावनी दी कि अगर कार्य में शिथिलता पाई गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा बैठक में सभी विधानसभा के 20–20 बीएलओ बुलाये गए थे। इस अवसर पर तहसीलदार पवन कुमार सिंह, तहसीलदार बदलापुर, प्रभारी निर्वाचन अधिकारी ब्रजेश चतुर्वेदी सहित बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित रही।

# समाजवादी पार्टी द्वारा चल रही देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा पहुंची शाहगंज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी द्वारा चल रही देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा का 44 वां दिन जौनपुर का चौथें दिन सदर विधानसभा से जगह जगह स्वागत होते हुए शाहगंज पहुंचा सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने पदयात्रियों को सम्बोधित कहते हुए कहा कि वादाखिलाफी भाजपा का वास्तविक चरित्र है। जनता को धोखे में रखने के लिए नए–नए वादों और जुमलों की हेराफेरी में उसे महारत है। पवित्र मां गंगा और यमुना नदी से भी भाजपा धोखा करती है। युवाओं को तो छलती ही रही है। भाजपा की इन हरकतों से जनता तंग आ चुकी है। अब जनता भाजपा को आगे बर्दाश्त नहीं करेगी। सन् 2027 से पहले जनता भाजपा को वर्ष 2024 में ही निपटा देगी। पदयात्रा नेतृत्व कर रहे अभिषेक यादव ने कहा चुनाव के समय भाजपा ने किसानों से मुफ्त सिंचाई का वादा किया था लेकिन सत्ता में आते ही भाजपा सरकार अपने वादे से मुकर गई। प्रदेश में सूखे की छाया मंडरा रही है। किसानों को मुआवजा देने की जगह भाजपा सरकार अभी तक सर्वे का छलावा कर रही है। किसानों की आय 2022 तक दुगनी करने का वादा भी भाजपा ने नहीं निभाया। भाजपा सरकार ने अभी तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है। चुनाव के समय किसानों को सम्माननिधि दी गई थी अब उनसे वसूली हो रही है समाजवादी पद यात्रा के माध्यम से हम लोग जनता को जगाने आये हैं। छात्र नेता अखिलेश गुप्ता ने कहा भाजपा सरकार ने सबसे बड़ा छल तो नौजवानों के साथ किया। दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया पर एक लाख को भी नौकरी नहीं दी। उद्योगधंधे फाइलों में चल रहे है। नौकरी के नाम पर नौजवानों को



सिर्फ भटकाया गया है। परीक्षाओं में धांधली आम बात हो गई है। युवा बेरोजगारों की फौज को राष्ट्र की प्रगति और विकास में भागीदारी से जानबूझकर वंचित किया जा रहा है। लोहिया वाहनी राष्ट्रीय महासचिव राघवेंद्र यादव ने कहा भाजपा सरकार की रुचि संविदा और आउटसोर्स के धंधे को बढ़ावा देकर युवाओं को पूंजीपतियों का गुलाम बनाने की हैं। भाजपा सरकार की इन हरकतों को आखिर जनता कब तक बर्दाश्त करेगी । यात्रा मे मुख्य से पूर्व विधायक अरशद खान, हिसामुद्दीन शाह प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, राजन यादव, डां जितेंद्र यादव लाले यादव,रतन साहू,अमित यादव अनवारुल हक,गजराज यादव, पूनम मौर्या, विकास यादव, अविनाश विद्यार्थी राकेश यादव,राजवीर यादव पंकज यादव अमित ठाकुर आशुतोष तिवारी गुड्डू सोनकर कौशल यादव ऋषि यादव पंकज कुशवाहा, अभिषेक इंजीनियर,शबनम नाज जितेन्द्र यादव आदि

# मधुमक्खी पालन अनुपूरक कृषि उद्यम के रूप में महत्वपूर्ण स्थान – जिला उद्यान अधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि मधुमक्खी पालन अनुपूरक कृषि उद्यम के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मधुमक्खियाँ प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से किसानों के दैनिक जीवन से लेकर उनकी आर्थिक आय बढ़ोत्तरी में सहायक है। मधुमक्खियों से शहद उत्पादन के साथ–साथ फसलों में पर–परागण से पौधों की जीवितता एवं उत्पादन में वृद्धि होती है तथा पर्यावरण संतुलन में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान है। किसानों की आय में वृद्धि के लिए कृषि के साथ–साथ अन्य ऐसे अनुपूरक व्यवसाय अपनाये जाने की आवश्यकता है, जिसमे कम भूमि एवं कम पूंजी की जरूरत हो। मधुमक्खी पालन को अनुपूरक कृषि उद्यम के रूप में अपनाकर कम पूंजी व कम समय में अधिक आय प्राप्त की जा सकती है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित / बढ़ावा देने के उद्देश्य से वैज्ञानिक ढंग से मौनपालन किये जाने हेतु औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर, व बस्ती, एवं अधीक्षक, राजकीय उद्यान, प्रयागराज में 16 सितम्बर 2022 से 15 दिसम्बर 2022 तक तीन माह (90 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आरम्भ हो रहा है। यह प्रशिक्षण विभाग द्वारा निःशुल्क प्रदान किया जायेगा, प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षार्थियों को ठहरने एवं खाने आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। इस प्रशिक्षण में पुरूष एवं महिलाये सभी वर्ग के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है, इसके लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों को अपने निकटतम सुविधा अनुसार संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर, संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती एवं अधीक्षक, राजकीय उद्यान, प्रयागराज से सम्पर्क कर निर्धारित रूप–पत्र पर 16 सितम्बर 2022 तक आवेदन कर मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। आवेदन–पत्र के साथ दो संभ्रांत व्यक्तियों या राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र आवश्यक है।

## पुरानी पेंशन बहाली हेतु विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक 20 सितंबर 2022 को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर द्वारा पुरानी पेंशन की बहाली हेतु आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर द्वारा नैतिक समर्थन दिया गया। बंगाल, राजस्थान,झारखंड एवं छत्तीसगढ़ के बाद




अब पंजाब,बिहार एवं दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर हो रही सुगबुगाहट निश्चित ही केंद्र सरकार को पुरानी पेंशन बहाली पर आगे सोचने पर मजबूर करेगी। आज के प्रतिनिधिमंडल में परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं. श्री राजकुमार गुप्ता, जिला मंत्री श्री देवेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष डॉ फूलचंद कनौजिया, सम्प्रेक्षक श्री अमर बहादुर यादव, संगठन मंत्री श्री शरद पटेल, संयुक्त मंत्री श्री सुजीत विश्वकर्मा एवं सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष श्री तेज बहादुर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री रामलाल पाल, कोषाध्यक्ष श्री अजयलाल मौर्य,मीडिया प्रभारी श्री प्रमोद शर्मा, फ्री अखिलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# इस बार दीपोत्सव पर्व पर हाइवे से लेकर सरयू घाट तक दिखेगी दीपोत्सव की भव्यता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वर्तमान समय में राम नगरी अयोध्या में दीपोत्सव को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है।जिसके चलते राम नगरी अयोध्या अभी से ही राममय हो रही है। सूत्र के मुताबिक इस बार योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले दीपोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने व ऐतिहासिक बनाने को लेकर शासन–प्रशासन जुटा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक इस बार दीपोत्सव में 14.50 लाख दीपक जलाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। दीपोत्सव को लेकर अयोध्या को सजाने का काम भी शुरू हो चुका है। हाईवे से लेकर सरयू घाटों तक इस बार दीपोत्सव की भव्यता देखते ही बनेगी। वही अगर देखा जाए तो हाईवे पर भगवान राम सहित रामायण के अन्य पात्रों की मूर्तियां सज रही हैं। वही इसी कड़ी में सरयू घाटों को भी चमकाने व सजाने का काम जोरों पर चल रहा है।वही इस मौके पर लता मंगेशकर चौराहे की भी भव्यता इस मौके पर आकर्षण बढ़ाएगीभगवान श्रीराम के लंका विजय के बाद अयोध्या वापस आने की खुशी में अयोध्या में सदियों से दीपोत्सव मनाया जाता रहा है।अगर देखा जाए तो सूबे के मुख्यमंत्री योगी सरकार ने 2017 से इस उत्सव को ग्लोबल बनाने का काम किया है।दीपोत्सव अयोध्या का प्रांतीय मेला घोषित किया जा चुका है।अब तक पांच बार दीपोत्सव का आयोजन हो चुका है।हर बार दीपोत्सव में अयोध्या के नाम एक नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ है।इस बार जिला प्रशासन छठे दीपोत्सव में भी अयोध्या विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में जुट गई है। इस बार दीपोत्सव का मुख्य पर्व 23 अक्तूबर को मनाया जाएगा लेकिन पर्व को लेकर तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। हाईवे से लेकर अयोध्या के घाटों को सजाने का काम चल रहा है। वही हाईवे पर जहां भगवान श्रीराम सहित रामायण के अन्य पात्रों की 12 मूर्तियां सजाई जा रही हैं। वहीं अयोध्या के प्रमुख प्रवेश मार्ग नयाघाट बंधा तिराहे पर लता



मंगेशकर चौराहे को भी आकार देने का काम जोरों पर चल रहा है।दीपोत्सव से पहले ही यह चौराहा अयोध्या की भव्यता बढ़ाएगा। चौराहे पर लता मंगेशकर की आवाज में भजनों की प्रस्तुति पूरे माहौल को भक्तिमय बनानी नजर आएगी।यही नहीं सूत्र के मुताबिक दीपोत्सव में कई योजनाओं का भी लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा।इस बार रामराज्याभिषेक समारोह में विदेशी मेहमान भी दीपोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करते नजर आएंगे।मुख्य पर्व पर न सिर्फ राम की पैड़ी बल्कि संपूर्ण अयोध्या को दीपों से आलोकित करने की तैयारी है।दीपोत्सव से पहले सरयू घाटों की भी सुंदरता भक्तों को लुभाएगी। 39 करोड़ से सरयू घाटों को सजाया जा रहा है। इस बार गुप्तारघाट से नयाघाट तक छह मीटर चौड़ी सड़क तैयार की जा रही है। गुप्तारघाट की सीढ़ियों पर श्रीरामचरित मानस के प्रसंग उकेरे जाएंगे। विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता अनिल सिंह ने बताया कि अब गुप्तारघाट से अयोध्या तक भक्त पर्यटन का लुत्फ उठा सकेंगे। पूरे आठ किलोमीटर के घाट को भव्यता प्रदान की जा रही है। सूत्र के मुताबिक इस बार दीपोत्सव तक यह काम पूरा हो जाएगा। वही इस बार दीपोत्सव पर्व पर राम नगरी अयोध्या में 18 लाख दीप जलेंगे। वही इसी कड़ी में 551 बत्ती की सरयू आरती,वॉटर शो, लेजर शो,ड्रोन शो से रामकथा की प्रस्तुति,सात देशों की रामलीला,राम राज्याभिषेक समारोह,राम राज्याभिषेक शोभायात्रा वही सात सौ लोक कलाकारों की प्रस्तुति भी आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहेंगी।

# विवाहिता को गैर समुदाय के युवक से हुआ प्यार : पति को ही किया घर से बेघर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना पटरंगा क्षेत्र की एक विवाहिता का गैर समुदाय के युवक से प्यार हो गया।प्यार में पागल विवाहिता ने पति को ही घर से बेघर कर दिया।पति ने पत्नी पर प्रेमी आशिक के साथ मिलकर किसी भी समय हत्या करने की आशंका जताई है। पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचलो निवासी मरगूब अहमद की पुत्री नुसरत जहां की शादी लगभग 15 वर्ष पूर्व अयोध्या जिले के मोहल्ला रायगंज गोड़ियाना थाना कोतवाली निवासी मोहम्मद इस्माइल पुत्र मोहम्मद यासीन के साथ हुई थी।शादी बाद पति पत्नी हंसी खुशी रहते थे।शादी के कुछ दिन बाद पति मोहम्मद इस्माइल रोजी रोटी के लिए व अपने दो बच्चों की परवरिश व पढ़ाई लिखाई के लिए विदेश कमाने के लिए चला गया और बच्चों की परवरिश के लिए पत्नी को लगातार पैसा भी देता रहा।पीड़ित का आरोप है कि उसकी पत्नी नुसरतजहां का वहीं के एक गैर समुदाय के युवक सुनील कुमार सोनकर पुत्र स्व0 बदलू प्रसाद सोनकर का घर आनाजाना शुरू हो गया और उससे प्यार हो गया और प्यार इतना परवान चढ़ा की उसने अपने प्रेमी सुनील कुमार सोनकर के साथ मिलकर अपने ही पति मोहम्मद इस्माइल को अपने ही घर से बेघर कर दिया।पीड़ित का आरोप है कि पत्नी ने घर पर अपने ही प्रेमी के साथ कब्जा कर रही है।वही पीड़ित पति और उसकी मां ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।पीड़ित पति मोहम्मद इसराइल का आरोप है कि 8 सालों से मोहल्ले के ही रहने वाले युवक सुनील सोनकर का मेरी पत्नी से चक्कर चल रहा था।हम 5 सालो से सऊदी अरब में काम करने गए थे जब घरवालों ने उसे मना किया तो उसने मेरे भाई को रेप केस में फसा दिया।आरोप है कि सऊदी अरब से जब में आया और यहां पर मोहल्ले वालों से हालचाल लिया तो पता चला कि उसकी पत्नी का अवैध संबंध मोहल्ले के ही युवक सुनील सोनकर चल रहा और उसका घर में आना जाना कई सालों से चल रहा था।पीड़ित पति व उसकी मां ने एसएसपी अयोध्या को शिकायती पत्र देकर आशंका जताई है कि उसकी पत्नी नुसरत जहां अपने प्रेमी आशिक के साथ मिलकर किसी भी समय हत्या करा सकती है।पीड़ित इस्माइल ने पत्नी व उसके प्रेमी आशिक पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पुलिस चौकी देवगांव अंतर्गत मेवापुर गांव में 26 वर्षीय विवाहिता राजवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन–फानन में उपचार के लिए अस्पताल ले गए से जहां पर डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। कुमारगंज थाना क्षेत्र के पहाड़पुर मेवापुर गांव में 26 वर्षीय विवाहिता राजवती पत्नी राजेंद्र कुमार अपने घर के अंदर छज्जे में लगे हुक में दुपट्टा का फंदा लगाकर लटक गई।परिवार के अन्य सदस्य दूसरे मकान मैं मौजूद थे, उसी बीच विवाहिता की ननंद राधा चार्जिंग में लगी मोबाइल को निकलने गई तो देखा कि भाभी दुपट्टे के फंदे से लटकी हुई है इतना देखते ही वह गुहार लगाते हुए वह घर से बाहर निकली। गुहार की आवाज सुनकर दूसरे घर में मौजूद परिजन किसी मौके पर पहुंचकर किसी तरीके से दुपट्टे को काटकर विवाहिता को उतार लिया। और उसको पहले उपचार के लिए सीएचसी खंडासा ले गए जहां पर डॉक्टरों ने देखते ही जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया था। लेकिन ससुर राम भरोसे ने उसको जिला चिकित्सालय न ले जाकर सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए जहां पर डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते ही जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। उसके बावजूद भी लोगों उपचार कराने के लिए अस्पताल नहीं ले जा रहे थे, अस्पताल में मौजूद डॉक्टर अनमोल पाठक ने मामले की जानकारी चौकी प्रभारी एनडीए संतोष कुमार मौर्या को दी। वह भी मौके पर पहुंचे एंबुलेंस के लिए काफी प्रयास किया लेकिन एंबुलेंस नहीं मिल सकी। फिलहाल परिजन 108 एंबुलेंस को फोन करते रहे लेकिन एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पाई जिसके चलते परिवार के सदस्य ऑटो रिक्शा से ही लेकर अस्पताल में निकल पड़े। परिजनों का कहना है कि आए दिन पति पत्नी में खाना पीना बनाने को लेकर विवाद हुआ करता था आज जब घटना घटित हुई तो राजेंद्र कुमार खेत से पशुओं के लिए चारा लाने गया हुआ था। किस बात को लेकर आत्महत्या करने का प्रयास किया इसका जवाब किसी के पास नहीं रहा।

# पीएम मोदी जन्मदिन सेवा सप्ताह पर चलाया स्वच्छता अभियान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के तीसरे दिन भी भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पीएम जन्मदिन सेवा सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छता अभियान कार्यक्रम किये।भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रधानमंत्री जन्मदिन सेवा सप्ताह कार्यक्रम किया जा रहा है।और पीएम जन्मदिन सेवा सप्ताह को लेकर भाजपा विधायक रामचंद्र यादव विधानसभा क्षेत्र में अनेको कार्यक्रम कर रहे है।प्रधानमंत्री के जन्मदिन के दूसरे दिन शुक्रवार को विधायक ने स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम किया।अयोध्या जनपद के अंतिम छोर पर रूदौली विधानसभा में स्थित सिद्धपीठ मां कामाख्या धाम परिसर में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान को गति दी गयी।।जिसके बाद विधायक ने लोगो की समस्याओं को सुना।और समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को फोन कर जल्द ही समस्याओं को निस्तारण करने का निर्देश दिए।इस मौके जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू,श्रवण दूबे,वीरेंद्र शर्मा,युवा भाजपा नेता प्रवेश पांडेय,इंद्रेश कौशिक जी महराज,शीतला प्रसाद शुक्ला, अजय शुक्ला,दिनेश मिश्रा,उमाशंकर सिंह,ग्रामपंचायत अधिकारी अंकुर यादव,आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर लिया बाढ़ पीड़ितों का हाल चाल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी अयोध्या नितीश कुमार ने जनपद के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों/ग्रामों व बाढ़ शरणालयों का निरीक्षण कर वहां के लोगो के सीधा संवाद करते हुए वहां पर मौजूद कर्मियों घ्को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर जिलाधिकारी ने तहसील रूदौली के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम पंचायत कैथी, ग्राम पंचायत महंगू का पुरवा व सोहावल बाढ़ शरणालय तथा ग्राम पंचायत भवन महोली व बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मांझाकला का स्थलीय निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से वार्ता कर उनका हाल–चाल जाना।इस दौरान ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके पास जानवरों हेतु अभी पर्याप्त भूसा व चारा उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने पंचायती राज व चिकित्सा विभाग को जनपद के समस्त बाढ़ प्रभावित ग्रामों/क्षेत्रों में नियमित एंटी लार्वा साइट का छिड़काव व फागिंग करायी जाय तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया। इस दौरान पशुओं के टीकाकरण की स्थिति पर ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि सभी पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने चिकित्सा एवं पशुपालन विभाग को बाढ़ संभावित/प्रभावित क्षेत्रों में जनसामान्य व पशुओं के स्वास्थ्य के सम्बंधी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये जिसे किसी भी प्रकार बीमारी फैलने का खतरा न होने पाये। उन्होंने ग्रामीणों से आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की तथा ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव को निर्देशित किया कि




पंचायत सहायक द्वारा समस्त पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाय। उन्होंने नियमानुसार पात्र व्यक्तियों के परिवारों के अन्त्योदय कार्ड भी बनवाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मांझाकला के बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को नियमानुसार स्थायी आवासीय व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कार्य करने हेतु उपजिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया।जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा कम्पोजिट विद्यालय कोटसराय में मांझाकला के बाढ़ से प्रभावित परिवारों को बाढ़ राहत सामाग्री की किट (आटा, चावल, अरहर दाल, नमक, मिर्च, धनियां, रिफाइण्ड तेल, लाई, भुना चना, मोमबत्ती, माचिस, विस्कुट, साबुन, आलू) व तिरपाल प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा कम्पोजिट विद्यालय कोटसराय के भवन का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सोहावल, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मी व गांव के लोग उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने मासिक बैठक में चकबंदी विभाग के कर्मियों को संबंधित समस्याओ का शीघ्र निस्तारण करने का दिया निर्देश

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में मण्डल में चकबंदी विभाग के द्वारा किये जा रहे कार्यो के प्रगति की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चकबंदी प्रक्रिया के बाद जिन–जिन गांवों में चकबंदी की धारा 24 के अन्तर्गत कब्जा परिवर्तन किया जा रहा है, कब्जा परिवर्तन का सत्यापन राजस्व व चकबंदी की संयुक्त टीम द्वारा किया जाय तथा इसका प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि सभी चकबंदी अधिकारी चकबंदी दौरान प्राप्त अपत्तियों का निस्तारण मौके पर जाकर करें, जिससे कि चकबंदी वादों (अपील) की संख्या कम की जा सकें तथा जो चकबंदी आज काफी समय से चले आ रहे है उनका निस्तारण जल्द से जल्द किया जाय। मण्डलायुक्त ने कहा कि जिन गांवों के सम्बंध में मा0 उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश पारित है उसमें विभाग द्वारा प्रभावी पैरवी कर चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि निदेशालय द्वारा महीने में जो भी लक्ष्य निर्धारित किये जाये उसकी पूर्ति अवश्य की जाय। उन्होंने मण्डल के सभी जिलों के चकबंदी वादों (आपत्तियों/अपील/निगरानी) के



निस्तारण की समीक्षा करते हुये कहा कि सभी वादों का निस्तारण त्वरित गति से किया जाय। बैठक में अनुपस्थित डी0डी0सी0 चकबंदी सुल्तानपुर का वेतन बाधित करते हुये स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन, एडीएम बाराबंकी, एडीएम सुल्तानपुर सहित मण्डल के सभी चकबंदी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने पुलिस लाइन के भवन निर्माण कर रहें श्रमिकों को दी योजना की जानकारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आयुक्त एवं उप श्रमायुक्त अयोध्या के निर्देश के क्रम में मंगलवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी रोहित प्रताप सिंह एवं प्रभात कुमार के साथ पुलिस लाइन अयोध्या में ट्रांजिट हॉस्टल कार्यस्थल पर जाकर वहां पर उपस्थित समस्त निर्माण श्रमिकों को भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की पंजीकरण की प्रक्रिया के विषय में डिटेल में निर्माण श्रमिकों को जानकारी दी गई। और बीओसीडब्ल्यू के अंतर्गत लाभान्वित होने के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बृहद जानकारी उपलब्ध कराई गई साथ उन्हें अभी बताया गया केवल एक मात्र रजिस्ट्रेशन से उनके परिवार को और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आयुष्मान कार्ड एवं किसी आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में समस्त श्रमिक 500000 के दुर्घटना बीमा से कबर हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त संविदा कार को अधिष्ठान पंजीयन के लिए आदेशित किया गया।

# गोष्ठी हुई संपन्न आपकी सेवा ही हमारा कर्तव्य–अभिषेक द्विवेदी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक गद्दोपुर द्वारा मंगलवार को गोष्ठी आयोजित किया गया जिसके के मुख्य अतिथि राजेश कुमार एजीएम एरिया ऑफिसर गोरखपुर ने कहा कि कार्पोरेट सामाजिक दायित्व में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता आया है बैंक ने केवल बैंकिंग को ही नहीं माना है बल्कि प्रत्येक वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति तक बैंकिंग सेवाओं सुगम पहुंच सेवा में सरलता से प्रदान करने हेतु सार्थक प्रयास किया है इस अवसर पर प्राचार्य अवधेश कुमार शुक्ला ने कहा की फर्जी कंपनियों से सावधान रहें दर्जनों कंपनी का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा उससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में आक्रोश भी है। श्री राम जानकी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री अवधेश कुमार शुक्ला श्री राम जानकी इंटर कॉलेज के प्राचार्य महेश शुक्ला ने एजीएम गोरखपुर क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार को उपहार भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक प्रबंधक ठाकुर राजेश रंजन हिमांशु पाठक शाखा प्रबंधक अभिषेक द्विवेदी दिनेश विक्रम सिंह सुमित कुमार सुरेश कुमार मिश्रा विशाल त्रिवेदी धर्मेंद्र गौतम आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने परखे सेना भर्ती स्थल के इंतजाम : जलभराव की समस्या दूर करने के दिए निर्देश

आगरा ब्यूरो : आगरा में अग्निपथ सेना भर्ती के दूसरे दिन कीठम स्थित आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज में जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों संग व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। ड्यूटी, आकस्मिक चिकित्सा, सफाई, पेयजल आदि इंतजाम परखे। एडीएम सिटी अंजनी कुमार, एसपी सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट आदि को निर्देश दिए। कई जगह जलभराव की समस्या है, जिसे दूर कराने के निर्देश डीएम ने दिए हैं। आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज में मंगलवार से सेना भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई। इसमें 12 जनपदों आगरा, मथुरा, अलीगढ़, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, जालौन, झांसी, ललितपुर, हाथरस और कासगंज के युवा शामिल हो रहे हैं। इसमें 1.75 लाख युवाओं ने पंजीकरण कराया है। पहले



दिन के लिए कासगंज और ललितपुर के 7129 ने पंजीकरण कराया था। मगर, 5170 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। 1959 नहीं आए। वह अनुपस्थित हो गए। बुधवार को ललितपुर जनपद की ललितपुर, महरौनी, झांसी जनपद की मोठ, धरौली, मऊरानीपुर, गरौठा तहसील के युवा शामिल हुए। इसके लिए 5913 युवाओं ने पंजीकरण कराया था। मंगलवार रात से ही भर्ती में शामिल होने के लिए युवाओं का आना शुरू हो गया। बुधवार को हुई बारिश में भी युवाओं का जोश हाई रहा। अग्निवीर बनने के लिए सैकड़ों युवा मैदान में डटे रहे।

## इस बार जिले में 1800 जगहों पर होगी दुर्गा प्रतिमा स्थापितः 300 जगहों पर होगा रामलीला का मंचन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस वर्ष भी हर्षोल्लास पूर्वक ढंग से शहर से ग्रामीण क्षेत्रों तक दुर्गा पूजा व रामलीला विभिन्न कमेटियों द्वारा मनाया जायेगा।जिसके चलते अभी शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में रामलीला व दुर्गा पूजा से जुड़े कमेटी के पदाधिकारी इस पर्व को अधिक से अधिक आकर्षण बनाने के लिए अभी से जुट गए हैं। वही इसी कड़ी में पुलिस प्रशासन भी इस पर्व को हर्षोल्लास व सकुशल पूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिले के सभी थाना क्षेत्रों के प्रभारी संबंधित थाना परिसर में शांति कमेटी की बैठक कर उन्हें पूरी तरह से सुरक्षा प्रदान करने का एहसास करा रहे हैं। सूत्र के मुताबिक इस बार अयोध्या जनपद में 1800 जगहों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित होगी।वही इसी कड़ी में जनपद में 300 जगहों पर रामलीला का मंचनघ होगा।इस बार शहर में 300 जगहों पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित होगी। वही इस बार शहर के कुछ जगहों पर 26 सितंबर से दुर्गा पूजा शुरू हो जाएगी,जबकि शेष स्थानों पर 1 व 2 अक्टूबर को पंडाल का पट खुलेगा।इस बार अयोध्या शहर में दुर्गा प्रतिमाओं का 5 अक्टूबर को गुप्तार घाट केंद्र मलिक कुंड पर विसर्जन होगा। वही जिले के अलग–अलग जगहों पर अलग–अलग दिनों में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन होगा।

# टूटी फूटी सड़कों की बदहाली के चलते जनता हो रही परेशान–सरोज यादव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी की निवर्तमान महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव ने अपने साथियों के साथ एसडीएम सदर श्री राम सिंह शुक्ला जी को मांग पत्र सौंपते हुए कहा की हमारे शहर की सभी सड़क जगह जगह चाहे वह हाईवे हो या सर्विस लेन की हालत बहुत जर्जर है कहीं–कहीं तो गड्ढा में तब्दील हो गई हैं जिससे आए दिन दुर्घटना भी होती रहती है जिसकी वजह से लोगो को अपनी जान भी गंवाना पड़ता है। आवागमन बाधित हो रहा है, इसी में त्यौहार भी नजदीक है लेकिन सुरक्षा एवं सड़क की मरम्मत की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। यादव ने कहा की नगर निगम की सभी व्यवस्थाएं बद से बदतर हैं इससे अच्छा नगरपालिका अपना काम करती थी कम से कम सुविधा नहीं थी तो पैसा भी नहीं लेती थी। निगम में नए 41 जुड़े गांव लावारिस की तरह है जहां किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं उपलब्ध कराई गई है फिर भी टैक्स के नाम पर बेधड़क वसूली हो रही है ।सड़कों पर बिछी वाटर पाइप लाइन जगह–जगह से लीक हो रही है जिससे पानी की बर्बादी हो रही है एवं सड़क खराब भी हो रही है, गली मोहल्ले के लोग परेशान है लेकिन कहां जाए क्योंकि नगर निगम में ना तो महापौर बैठते हैं ना ही नगर आयुक्त बैठते हैं अब जनता अपनी समस्या किससे जाकर बताएं कोई है ही वहां सुनने वाला जो जाता है वह वापस चला आता है बड़ी विडंबना है टैक्स की दुगनी मार जनता पर कर रहे हैं लेकिन सुविधा उपलब्ध कराने में पीछे क्यों? हमारे साथ महिला सभा उपाध्यक्ष डॉ. निशात अख्तर,रीता राही, अंशिका यादव,पूनम यादव,वसीम,कमला देवी आदि लोग उपस्थित रही।

## नगर निगम के कर्मचारियों को गंगा सरोवर में तैरती मिली युवक की लाश : मचा कोहराम

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के कोतवाली थाना क्षेत्र के मैदागिन स्थित कंपनी गार्डन में बनाए गए गंगा सरोवर में बुधवार की सुबह एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि नगर निगम के कर्मचारी गंगा सरोवर की सफाई करने के लिए पहुंचे



थे। इस दौरान देखा कि कूड़े के ढेर में युवक की लाश पानी में तैर रही थी। घटना की सूचना कोतवाली इंस्पेक्टर भरत उपाध्याय को दी गई, लेकिन घंटे भर बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। बाद में पार्क में मौजूद कुछ लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम और कमिश्नरेट के अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची ने युवक के शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक युवक की उम्र करीब 28 वर्ष थी। उसके शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान थे। माना जा रहा है कि युवक को मारने के बाद उसकी लाश को गंगा सरोवर में फेंक दिया गया। लाश करीब दो दिन पुरानी बताई जा रही है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर मृतक के शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।